ont>

Title: Need to ensure speedy execution of works being undertaken under Pradhan Mantri Sadak Yojana in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्रीमती राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में प्रधानमंत्री सड़क योजना का कार्य बहुत ही असंतोाजनक है, जिसके कारण गांवों को सड़कों से जोड़ने का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। सड़कों के अभाव में ग्रामीण लोगों को बहुत परेशानी हो रही है, विशोकर बरसात के समय। इस योजना का आलम यह है कि 2001 एवं 2002 की योजनाएं एक साल के बाद अभी तक पूरी नहीं हुयी हैं और 2002 एवं 2003 वित्तीय वा समाप्त हो चुका है, किंतु अभी तक सड़कों को बनाने हेतु टेंडर प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुयी है। इस संबंध में हमने कई बार अधिकारियों को सचेत किया है, परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुयी है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में इस योजना को ठीक ढंग से लागू करायें एवं प्रधान मंत्री सड़क योजना के कार्य को निर्धारित समय पर पूरा करवाने हेतु सख्त कार्यवाही करें।